Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 2122 / W-19 / 499 दिनांक 02.09.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित खबर ''संपर्क मार्ग की इंटरलॉकिंग धंसी'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित खबर **''संपर्क मार्ग की इंटरलॉकिंग धंसी''** शीर्षक में करनाईपुर से तेजपुर सम्पर्क मार्ग पर सड़क पुर्नस्थापन के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद प्रयागराज में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत **विकास खण्ड बहरिया के तेजपुर ग्राम पंचायत में** पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय(200के0एल0/16मी0) 01 नग, वितरण प्रणाली–18026 मी0, घरेलू कनेक्शन 525 नग, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवॉल, सोलर सिस्टम एवं तत्सम्बन्धी कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 100 प्रतिशत, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, वितरण प्रणाली का कार्य 19066 मी0 एवं हाउस कनेशन का कार्य 420 नग, सडक पुर्नस्थापना का कार्य 3990 वर्ग मी0 के सापेक्ष 4366 वर्ग मी0, बाउण्ड्रीवॉल, सोलर सिस्टम एवं तत्सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति की जा रही है। यहां यह भी अवगत कराना है कि उक्त पेयजल योजना में पाइप लाइन बिछाने उपरान्त खोदी गयी सड़कों को पुर्नस्थापन/मोटरेबल करा दिया गया था, परन्तु भारी बारिश होने के कारण कुछ जगहों पर सड़क धंस गयी है, जिसका पुनः सड़क पुर्नस्थापन का कार्य प्रगति पर है।





अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
4– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
5– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

अधिशासी अभियन्ता